# राजस्थान करंट अफेयर्स 2026




GK Search Engine
SUBSCRIBE
Follow us:

Yesterday, Quiz:

**Q. चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग, राजस्थान सरकार को किस संस्था के द्वारा विश्व तंबाकू निषेध दिवस अवार्ड 2026 से सम्मानित किया गया है।**

(A) संयुक्त राष्ट्र संघ

(B) यूनेस्को

(C) विश्व स्वास्थ्य संगठन

(D) इनमें से कोई नही

चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग, राजस्थान सरकार को विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा विश्व तंबाकू निषेध दिवस अवार्ड 2026 से सम्मानित किया गया है।

नई दिल्ली में 24 जुलाई को आयोजित समारोह में राजस्थान सरकार की ओर से राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम के राज्य नोडल अधिकारी एवं संयुक्त निदेशक डॉ. एस.एन. धोलपुरिया ने डब्ल्यूएचओ कंट्री हेड से यह प्रतिष्ठित सम्मान प्राप्त किया।

राजस्थान को यह सम्मान वर्ष 2025-26 के दौरान राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम के प्रभावी क्रियान्वयन, नवाचारों जनसहभागिता और आधारित गतिविधियों के लिए प्रदान किया गया है।

## Yesterday Revision

प्रश्न 1: संयुक्त राष्ट्र मरुस्थलीकरण रोकथाम अभिसमय (यूएनसीसीडी) के कोप-17 से पहले राष्ट्रीय स्तर का प्री-कोप संवाद कहाँ  आयोजित किया गया?

उत्तर: यह संवाद चूरू में आयोजित किया गया।

प्रश्न 2: Travel + Leisure मैगजीन द्वारा जारी World's Best Awards 2026 की रैंकिंग में दुनिया के टॉप 20 बेस्ट शहरों में राजस्थान के किन शहरों ने जगह बनाई है?

उत्तर:  उदयपुर 12वें स्थान पर और जयपुर 16वें स्थान पर रहा।

प्रश्न 3: हाल ही में दिल्ली में आयोजित समारोह में प्रतिष्ठित 'भारत सम्मान 2026' से किसे सम्मानित किया गया?

उत्तर: प्रतीक्षा यादव

प्रश्न 4: केंद्रीय पंचायती राज मंत्रालय की शक्तियों और संसाधनों के हस्तांतरण की रिपोर्ट के अनुसार ओवरऑल रैंकिंग में कौन सा राज्य पहले स्थान पर है और राजस्थान की स्थिति क्या है?

उत्तर: ओवरऑल रैंकिंग में कर्नाटक पूरे देश में पहले स्थान पर है। कर्मचारियों की उपलब्धता के मामले में राजस्थान  है, जबकि पंचायतों को सीधे काम और वित्तीय अधिकार सौंपने के मामले में प्रदेश चौथे स्थान पर है।

1. निम्न कथनों पर विचार कीजिए:

(A) जयपुर शहर की पैरा-निशानेबाज मोना अग्रवाल ने वर्ल्ड शूटिंग पैरा स्पोर्ट वर्ल्ड कप में कांस्य पदक जीता है

(B) पेरिस पैरालंपिक 2024 में महिलाओं की 10 मीटर एयर राइफल स्टैंडिंग SH1 स्पर्धा में कांस्य पदक जीता था

सही विकल्प चुनें

(A) दोनों सत्य हैं (B) केवल A सत्य है

(C) केवल B सत्य है (D) दोनों असत्य हैं



**Important Facts:**

जयपुर शहर की पैरा-निशानेबाज मोना अग्रवाल ने एक बार फिर देश और अपने शहर का नाम रोशन किया है। सर्बिया के नोवी साद शहर में आयोजित हो रहे वर्ल्ड शूटिंग पैरा स्पोर्ट (डब्ल्यूएसपीएस) वर्ल्ड कप में मोना ने महिलाओं की आर2 10 मीटर एयर राइफल स्टैंडिंग एसएच। स्पर्धा में 228.2 अंकों के साथ कांस्य पदक अपने नाम किया।

- यह वर्ष 2026 का पहला अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंट है, जिसमें मोना ने पदक जीतकर सत्र की शानदार शुरुआत की है।
- गौरतलब है कि मोना अग्रवाल ने पेरिस पैरालंपिक 2024 में महिलाओं की 10 मीटर एयर राइफल स्टैंडिंग SH1 स्पर्धा में कांस्य पदक जीता था

**02. निम्न कथनों पर विचार कीजिए—**

(1) राजस्थान एनर्जी समिट-2026 का 7वां संस्करण 23 जुलाई 2026 को जयपुर में आयोजित किया गया।

(2) राजस्थान एनर्जी समिट-2026 का विषय ऊर्जा परिवर्तन के अगले चरण को गति प्रदान करना" है

**सही कथन चुनिए:**

(A) कथन 1 और 2 सत्य हैं (B) केवल कथन 1 सत्य हैं

(C) केवल कथन 2 सत्य हैं। (D) सभी कथन असत्य हैं

**Important Facts:**

- राजस्थान एनर्जी समिट-2026 का 7वां संस्करण 23 जुलाई 2026 को जयपुर में आयोजित किया गया।
- आयोजक: कन्फेडरेशन ऑफ इंडियन इंडस्ट्री (CII) की राजस्थान शाखा।
- भारत एक विकसित राष्ट्र बनने की अपनी परिकल्पना की ओर निरंतर प्रगति कर रहा है, ऐसे में सतत आर्थिक विकास को सुनिश्चित करने के लिए ऊर्जा क्षेत्र में एक व्यापक बदलाव की आवश्यकता है इसी अनिवार्यता को ध्यान में रखते हुए, भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) राजस्थान 23 जुलाई 2026 को जयपुर में "ऊर्जा परिवर्तन के अगले चरण को गति प्रदान करना" विषय पर राजस्थान ऊर्जा शिखर सम्मेलन 2026 का 7 वां संस्करण आयोजित कर रहा है।

**03.हाल ही में जयपुर टाइगर फेस्टिवल (Jaipur Tiger Festival – JTF) का आयोजन कब किया जाएगा?**

(A) 31 जुलाई को

**(B) 29 जुलाई को**

(C) 27 जुलाई को

(D) इनमें से कोई नही

GK Search Engine SUBSCRIBE Follow us:

**Important Facts:**

- जयपुर टाइगर फेस्टिवल (Jaipur Tiger Festival – JTF)- 29 जुलाई अंतरराष्ट्रीय बाघ दिवस के अवसर पर 29 जुलाई को मानसरोवर स्थित दीप स्मृति ऑडिटोरियम में सुबह 8.30 से 10 बजे बाघ संरक्षण-संवाद होगा।
- जयपुर टाइगर फेस्टिवल (Jaipur Tiger Festival – JTF) राजस्थान हेरिटेज, आर्ट एंड कल्चरल फाउंडेशन की एक पहल है, जो वन्यजीव और बाघ संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए आयोजित किया जाता है।
- यह महोत्सव मुख्य रूप से राजधानी जयपुर के जवाहर कला केंद्र (JKK) में आयोजित होता है। इसका उद्देश्य लोगों के मन में बाघों और प्रकृति के प्रति प्रेम, सहानुभूति जगाना तथा जल, जंगल व जमीन के संरक्षण का संदेश देना है।

**04. निम्न कथनों पर विचार कीजिए:**

(1) टीबी मुक्त भारत अभियान के दौरान राजस्थान में 14 जुलाई से विशेष सक्रिय क्षय रोग खोज (एक्टिव केस फाइंडिंग-एसीएफ) अभियान शुरू किया गया है

(2) एक्टिव केस फाइंडिंग-एसीएफ अभियान की अवधि 7 अगस्त तक बढ़ाई गई है

**सही कथन चुनिए:**

(A) केवल कथन 2 सत्य हैं (B) केवल कथन 1 सत्य हैं

(C) कथन 1 व 2 सत्य हैं. (D) सभी कथन असत्य हैं

**Important Facts:**

24 मार्च से 5 जुलाई 2026 तक चलाए गए 100 दिवसीय विशेष टीबी मुक्त भारत अभियान के दौरान राजस्थान ने राष्ट्रीय स्तर पर उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की।

अभियान के तहत प्रदेशभर में 9,949 आयुष्मान आरोग्य शिविर आयोजित किए गए, जिनमें 35.86 लाख से अधिक लोगों की स्क्रीनिंग की गई। इस दौरान 31.91 लाख चेस्ट एक्स-रे और 2.31 लाख नॉट जांचें की गई, जिनके आधार पर 49,703 नए टीबी मरीजों की पहचान हुई।

100 दिवसीय अभियान की सफलता के बाद राज्य सरकार ने 14 जुलाई से विशेष सक्रिय क्षय रोग खोज (एक्टिव केस फाइंडिंग-एसीएफ) अभियान शुरू किया है, जिसे अब 7 अगस्त तक बढ़ा दिया गया है।

05. जेडीए द्वारा जयपुर शहर के तीन प्रमुख प्रवेश मार्गों पर किस थीम आधारित भव्य स्वागत द्वार (वेलकम गेट) विकसित किए जाएंगे।?

(A) रंगीला राजस्थान

(B) राजस्थानी मान

(C) 'वेस्ट टू आर्ट'

(D) इनमें से कोई नही

GK Search Engine SUBSCRIBE Follow us:

**Important Facts:**

जेडीए द्वारा शहर के तीन प्रमुख प्रवेश मार्गों पर 'वेस्ट टू आर्ट' थीम आधारित भव्य स्वागत द्वार (वेलकम गेट) विकसित किए जाएंगे। इन स्वागत द्वारों में राजस्थान की समृद्ध संस्कृति, परंपरा एवं लोकजीवन की अनूठी झलक देखने को मिलेगी।

- प्रस्तावित स्वागत द्वार दिल्ली कुंडा मोड़ से आमेर जाने वाले मार्ग, घाट की गुणी टोल प्लाजा तथा गंगा मार्ग पर प्रस्तावित न्यू जयपुर के सामने स्थापित किए जाएंगे।

दिल्ली कुंडा मोड़ पर बनने वाला स्वागत द्वार राजस्थान की आत्मीय परंपरा 'खम्मा घणी' की भावना को संस्कृति का प्रतीक होगा। दर्शाएगा, जो प्रदेश की अतिथि सत्कार की

- घाट की गुणी टोल प्लाजा पर प्रस्तावित स्वागत द्वार को राजस्थान के पारंपरिक 'लहरिया' डिज़ाइन की थीम पर विकसित किया जाएगा,
- प्रस्तावित न्यू जयपुर के सामने बनने वाला स्वागत द्वार पारंपरिक राजस्थानी वेशभूषा में आगंतुकों का स्वागत की कलात्मक आकृतियों के माध्यम से प्रदेश की "पधारो म्हारे देस" की भावना को साकार करेगा।

परियोजना पर लगभग 5.36 करोड़ रुपये की लागत प्रस्तावित है

जयपुर, शनिवार, 25 जुलाई, 2026

## सुजस ई प्रश्नोत्तरी-156

1 **जल** जीवन मिशन 2.0 के तहत वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए केंद्र सरकार द्वारा राजस्थान को कितनी केंद्रीय सहायता राशि स्वीकृत की गई है?
(A) 307 करोड़ रुपये (B) 537 करोड़ रुपये
(C) 713 करोड़ रुपये (D) 1,050 करोड़ रुपये

2 **प्रदेश** के किस संस्थान को एम्स नई दिल्ली की तर्ज पर 'राजस्थान इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज' के रूप में विकसित किया जा रहा है?
(A) एसएमएस मेडिकल कॉलेज जयपुर
(B) आरयूएचएस जयपुर
(C) एसएन मेडिकल कॉलेज जोधपुर
(D) आरएनटी मेडिकल कॉलेज उदयपुर

3 **हाल** ही के आकड़ों के अनुसार, देश में 'नेशनल हाई-स्पीड कॉरिडोर' और 'ग्रीनफील्ड एक्सप्रेसवे' के निर्माण से सबसे अधिक लाभान्वित होने वाला राज्य कौन-सा है?
(A) उत्तर प्रदेश (B) महाराष्ट्र
(C) मध्य प्रदेश (D) राजस्थान

4 **राजस्थान** सरकार द्वारा सक्षम लोगों को स्वेच्छा से राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा का लाभ छोड़ने के लिए प्रेरित करने हेतु कौन-सा अभियान चलाया गया?
(A) अन्नपूर्णा त्याग अभियान
(B) गिव अप अभियान
(C) नो फूड वेस्ट अभियान
(D) खाद्य सुरक्षा समर्पण अभियान

5 **पंच** गौरव कार्यक्रम में 'एक जिला - एक उत्पाद' के तहत फलौदी जिले का उत्पाद कौन सा है?
(A) मार्बल के उत्पाद
(B) लकड़ी के फर्नीचर
(C) सोनामुखी के उत्पाद
(D) टेक्सटाईल उत्पाद

GK Search Engine SUBSCRIBE Follow us:

**Today, Quiz:**

**Q. फार्मर आईडी तैयार करने में पूरे देश में राजस्थान का कौनसा स्थान है।**

(A) दूसरा

(B) पहला

(C) चौथा

(D) इनमें से कोई नही

GK Search Engine

Today for tomorrow

GK Search Engine

SUBSCRIBE NOW

PRESS BELL ICON

Like

Share

FOLLOW ON INSTAGRAM

FOLLOW ON FACEBOOK

JOIN US ON TELEGRAM

GK Search Engine

GK Search Engine

GK Search Engine